## मेष



चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

**01 से 06 फरवरी तक** –माह का आरंभ **नवीनतम** रहेगा। दिनांक 1,2 को कोई **नया कार्य** शुरूआत कर सकते है। **आकस्मिक धन प्राप्ति** का **योग** है। आप अपने **लक्ष्य** को प्राप्त करने के लिये पूरी कोशिश करेंगे। **काम** और **परिवार** के बीच **ताल-मेल** बिठाने में **कठिनाई** आ सकती है।

**07 से 13 फरवरी तक**- मन में एक **अजीब सा** संकट पैदा होगा। इस संकट से बाहर निकलने का कोई **रास्ता** नहीं दिखेगा। **मित्र** या **परिवार** के **सदस्यों** के साथ कोई **मंदिर** या **आश्रम** जा सकते हैं। आप **आत्मिक शांति अनुभव** करेंगे। **जीवन** का **उद्देश्य** आपके मन में स्पष्ट होगा। इस समय लोग आपकी **प्रकृति** में कुछ **बदलाव** देखेंगे। आपकी कार्य करने की **क्षमता** बढ़ जायेगी। **उच्च अधिकारी** कुछ काम सौंप सकते है।

**14 से 20 फरवरी तक**-आप **सामाजिक कार्यो** में **व्यस्त** रहेंगे। समय **प्रतिकूल** है। बनता हुआ काम **बीच** में रूक जायेगा। **आर्थिक पक्ष** भी स्थिर नहीं रहेगा। **आय** बढ़ाने के सभी प्रयास **विफल** होंगे। **वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण** रह सकता है। **कार्यालय** में **सहकर्मियों** पर **निर्भर** न रहें और अपना कार्य स्वयं करें। इस समय आप **भैरूण्डा महाविद्येश्वरी तंत्र दीक्षा** प्राप्त करें।

**दीक्षा न्यौ. ₹ 2600**

**21 से 28 फरवरी तक**- इस **सप्ताह** दिन **सामान्य** रहेगा। इस समय कोई **शुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। **परिवार** में **मधुरता** बढ़ेगी। आपका **आत्मविश्वास** बढ़ेगा। इस समय आप कुछ **नया** सीखने की कोशिश में प्रयासरत रहेंगे। **स्वास्थ्य** में **सुधार** आयेगा। इस **सप्ताह** वाहन चलाते समय **सावधानी** बरते।

**शुभ तिथियां 02, 06, 25, 28**

## वृषभ



ई, ऊ, ए, ओ, वा वी, वू, वे, वो

**01 से 06 फरवरी तक**- माह की शुरूआत **मंगलमय** रहेगी। दिनांक 1 व 2 को कोई **रिश्तेदार** या **मित्रों** के घर में **समारोह** पर जा सकते है। **मार्केटिंग** से संबंधित व्यक्तियों को कोई बड़ा आर्डर मिल सकता है। इस समय **उच्चाधिकारी** आपसे **प्रसन्न** रहेंगे। जिससे आप अपना काम आसानी से करवा लेंगें। **आर्थिक स्थिति** में वृद्धि होगी।

**07 से 13 फरवरी तक**-इस सप्ताह आप **धर्म कार्यो** में रूचि रहेगी। कुछ **अद्वितीय** बनना चाहेंगे। संतान की वजह से आपको कोई **कठिनाई** आ सकती है। **क्रोध** पर **नियंत्रण** रखें। वाहन **सावधानी पूर्वक** चलायें, **दुर्घटना** होने की **सम्भावना** है। 11 को विद्यार्थियों के लिये समय **अनुकूल** है। इस समय **सर्वसुख उन्नतिप्रदायक मयूरेश दीक्षा** ग्रहण करें।

**दीक्षा न्यौ. ₹ 2100**

**14 से 20 फरवरी तक**- इस सप्ताह **वैवाहिक जीवन** में **मधुरता** का रस घुलेगा। **कार्यालय** में काम का भार अधिक हो सकता है। कड़ी मेहनत के बलबूते पर आप **सफलता** हासिल कर लेंगे। इस समय **बुजुर्गो** का सेहत पर **ध्यान** रखे। इस समय **पारिवारिक दृष्टिकोण** से यह समय बहुत ही **उपयुक्त** है।

**21 से 28 फरवरी तक**- इस सप्ताह **काम-काज** में तो कोई **खास सफलता** नहीं मिलेगी। जीवन में बाधायें आपको परेशान करेंगी। आपके साथ विश्वासघात हो सकता है। आपके साथ इस समय कोई **आर्थिक चोट** भी हो सकती है। इस समय कोई **अप्रिय समाचार** प्राप्त हो सकता है। आप **परिवार** के साथ **तीर्थ स्थान** पर **यात्रा** के लिये जाने की संभावना है वहां पर आप सावधान रहें ।

**शुभ तिथियां 01,05,08,26**

## मिथुन



का, की, कू, घ, ङ छ, के, को, है

**01 से 06 फरवरी तक**- माह का प्रारम्भ **शांतिदायक** रहेगा। **घर परिवार** में **शांति** रहेगी। **व्यापारियों** के लिये समय **लाभदायक** है। अपने बच्चो के प्रति **सर्तक** रहेंगे। **विद्यार्थी वर्ग** को **अच्छे अंक** प्राप्त करने हेतु **क्रम बद्ध पढ़ाई** करना चाहिये। **स्मरण शक्ति** के लिये **उपयोगी** रहेगा।

**07 से 13 फरवरी तक**- इस सप्ताह आपके **घर** में **मेहमानों** का **आगमन** हो सकता है। घर में **उत्साहपूर्ण** वातावरण रहेगा। इस समय **व्यय में वृद्धि** होगी। **धर्म-कर्म, गुरू सेवा** के प्रति आपका विशेष रूझान रहेगा। **आध्यात्मिक जीवन** में आगे बढ़ेंगे। आपका हर कार्य **पूर्ण** होने का समय है। **स्वास्थ्य** में **उतार-चढ़ाव** रहेगा।

**14 से 20 फरवरी तक**- इस सप्ताह आपका पुराना फंसा हुआ **धन** प्राप्त हो सकता है। किसी **नवीन वस्तु** की खरीदारी होगी। लोग आपसे **प्रभावित** होंगे। अपनी **जिम्मेदारियों** को अच्छी तरह निभायेंगे। किसी को अपनी तरफ **आकृष्ट** करने की **कला** आप में होगी। इस समय की गई कोई **यात्रा** आपको **सफलता** देगी।

**21 से 28 फरवरी तक**- इस समय आप **स्वतंत्र** रहना चाहेंगे। आप जीवन की **ऊँचाईयों** का **महत्त्व** समझेंगे। समय **प्रतिकूल** है। किसी बात को लेकर आप **चिंतित** रहेंगे। **पति-पत्नी** के बीच आपसी **तनाव** रहेगा। इस समय **मेहमानों** पर खर्च अधिक रहेगा। **व्यवसाय** में **उलझनें** बढ़ सकती है। इस समय आप **सिद्धाश्रम प्रणीत सूर्यग्रहण तंत्र सिद्धि मनोकामना पूर्ति दीक्षा** ग्रहण करें। जिससे आपके **जीवन** में आ रही **प्रतिकूल परिस्थितियां** अनुकूल रहेगी।

**दीक्षा न्यौ. ₹ 1800**

**शुभ तिथियां 02,07,10,25**


PMYV

## कर्क



ही, हू, हे, हो, डा,
डी, डू, डे, डो

**01 से 06 फरवरी तक-** माह की शुरूआत अच्छी रहेगी। समय आपका अनुकूल रहेगा। सरकारी संबंधित कार्यो में सफलता प्राप्त होगी। शत्रु आपसे दूर रहेंगे। आपको अधिक परिश्रम करना पड़ेगा और उसका फल भी आपको प्राप्त होगा। आपकी मनोकामना पूर्ण होगी।

**07 से 13 फरवरी तक-** यह सप्ताह आपके लिये लाभदायक रहेगा। आप उच्चाधिकारी या ग्राहक से ताल-मेल बिठायेंगे। मित्रों के साथ स्वतंत्रता अनुभव करेंगे। नौकरी में स्थायित्व का योग है। समय अच्छा है, बेरोजगारों को रोजगार लग सकता है। अनावश्यक चिंतन में खो बैठे रहेंगे।

**14 से 20 फरवरी तक-** यह सप्ताह कुछ सामान्य रहेगा। इस समय आप अड़चन रहित काम करना पसंद करेंगे। आप अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। इस समय की गई यात्रा लाभदायक होगी। आध्यात्मिक क्षेत्र में एक नई सोच का जन्म होगा। आपके आत्म विश्वास में कमी आयेगी।

**21 से 28 फरवरी तक -**इस सप्ताह हर कार्य को सावधानीपूर्वक करें। इस समय आपकी छोटी-सी बात भी किसी को दुःख पहुंचा सकती है। 23-24 आपकी लापरवाही से काम बिगड़ सकता हैं। जीवन में बाधायें आपको परेशान करेंगी। 25-26 को नौकरी में सहकर्मी व अधिकारी सहयोग की भावना रखेंगे। 27,28 को आपके साथ विश्वासघात हो सकता है। आप पूर्वजन्म कृत पाप शमन फेत्कारिणी दीक्षा प्राप्त करें। जिससे परिस्थितियां आपके अनुकूल निर्मित होगी। आप प्रगति की और अग्रसर होंगे।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800

**शुभ तिथियां 04,09,13,24**

## सिंह



म, मी मे, मो,
टा, टी, टू, टे

**01 से 06 फरवरी तक-** माह का प्रारम्भ अनिश्चितपूर्ण रहेगा। समय प्रतिकूल है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह से पढ़ लें। आपको अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी जायेगी।

**07 से 13 फरवरी तक-** दिनांक 5, 6 को आपका सम्पर्क का दायरा बढ़ेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यो में पूरी तरह से व्यस्त रहेंगे। कानूनी मुद्दे पर किसी विशेषज्ञ से सलाह लेंगे। जिस स्तर पर आप प्रयास कर रहे हैं, उस स्तर पर आप आत्म संतुष्टि महसूस करेंगे। कोई प्रिय वस्तु गुम हो सकती है, ध्यान रखें।

**14 से 20 फरवरी तक-**इस सप्ताह आप समाज सेवा में भाग ले सकते है। असमर्थ लोगों को मदद कर सकते है। समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आपके बनते कार्यो में रूकावट आ सकती है भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। यदि चिंता त्याग कर कर्मशील बनेंगे तो सफलता प्राप्त कर सकते है। शत्रु लोगों के बीच आपका अपमान हो सकता है। आप तंत्रोमय षोडश योगिनी दीक्षा प्राप्त कर परिस्थितियों को अपने नियंत्रण में रख पायेंगे।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800

**21 से 28 फरवरी तक-** इस समय भागीदार से चली आ रही गलतफहमियां समाप्त होंगी। अंजान व्यक्तियों पर विश्वास नहीं करें, धोखा खा सकते है। शिव आराधना व उपासना में तल्लीन रहेंगे। अहंकार को त्याग दीजिये, अध्यात्म में उन्नति होगी। संतान पक्ष से संबंधित चिंता समाप्त होगी। इस समय कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**शुभ तिथियां 03,07,25,27**

## कन्या



टो, पी, पू, प, ष,
ण, ठ, पे, पो

**01 से 06 फरवरी तक-** माह का आरम्भ आपके अनुकूल रहेगा। इस समय पति पत्नी के बीच प्रेम बढ़ेगा। धनागमन तो होगा मगर बचत नहीं कर पायेंगे। शत्रु आप पर हावी होंगे। कार्यस्थल में थोड़ा भी लापरवाही आप के लिये नुकसानदायक है। आप भैरूण्डा महाविद्येश्वरी तंत्र दीक्षा प्राप्त कीजिये, समस्या आपके पास आने से पहले भंग हो जायेगी। दीक्षा न्यौछावर ₹ 2600

**07 से 13 फरवरी तक-** सरकारी कार्यो में सफलता प्राप्त होगी। कोर्ट कचहरी में निर्णय आपके पक्ष में हो सकता है। उच्चाधिकारी आपके काम से प्रसन्न होंगे। प्यार के चक्कर से दूर रहें। इस समय आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। पुराना फंसा हुआ धन प्राप्त होगा। 11 को आय संबंधित कार्यो में व्यस्त रहेंगे।

**14 से 20 फरवरी तक-** इस सप्ताह समय आपके अनुकूल नहीं है। कोई अशुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। कार्यो में अपेक्षित फल प्राप्त नहीं होगा। मित्रों के साथ कुछ समय बीतायेंगे जिससे मन हल्का होगा। धार्मिक कार्य, गुरू सेवा में रूचि बढ़ेगी। इस समय आप निःस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे। नई योजनायें बनाने में आप प्रयासरत रहेंगे।

**21 से 28 फरवरी तक-** आप अपनी योग्यताओं को बढ़ाने में व्यस्त रहेंगे। कोई रोचक पुस्तक पढ़ने को मिलेगा। जब तक उस पुस्तक को पूरा नहीं पढ़ेंगे तब तक आपको चैन नहीं मिलेगी। इस समय आपका किसी से वाद-विवाद हो सकता है। आप अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय में लिये आपके निर्णय गलत हो जायेंगे। कारोबार खतरे में पड़ सकता है।

**शुभ तिथियां 08,13,15,22**

## तुला



रा, री, रू, रे, रो,
ता, ती, तू, ते

01 से 06 फरवरी तक- माह का प्रारम्भ थोड़ा अशांतिपूर्ण रहेगा। निवेश करने से पहले पूरी जानकारी प्राप्त करें। इस समय आप क्रोध करने से बचे। अन्यथा आप किसी मुश्किल में फंस सकते है। धैर्य बनाये रखे।

07 से 13 फरवरी तक- इस सप्ताह आप अपने मित्रों और परिवार के सहयोग से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस समय की गई यात्रा सफल होगी। दिन शुभ है, संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थी वर्ग को अपने अध्ययन में विशेष रूचि लेनी होगी अन्यथा वह अपने अध्ययन में पिछड़ सकते है और उनका रिजल्ट खराब हो सकता है।

14 से 20 फरवरी तक- इस सप्ताह शत्रु आप पर हावी होंगे। कठिन परिश्रम करने के बावजूद भी अपेक्षित फल प्राप्त नहीं होगा। हर कार्य में बाधायें आयेगी। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। काम में आपसे कुछ गलतियां होगी जिससे आपको उच्चधिकारी से डांट सुननी पड़ सकती है। आकस्मिक धन हानि होगी। आप सर्वसुख उन्नतिप्रदायक मयूरेश दीक्षा प्राप्त करने पर परिस्थिति को अपने नियंत्रण में रख सकते है। दीक्षा न्यौ. ₹ 2100

21 से 28 फरवरी तक- घर परिवार में बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिये। नकारात्मक भावनाओं से बचें। कहीं से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। किसी समारोह में जा सकते है। अपने व्यवसाय में कुछ बदलाव ला सकते है। निवेश से अपेक्षित लाभ प्राप्त होगा। कार्य में सफलता प्राप्त होगी, भाई बहनों के बीच मधुरता बढ़ेगी।

शुभ तिथियां 10, 12,17, 21

## वृश्चिक



लो, ना, नी, ने, नू,
या, यी, यू

01 से 06 फरवरी तक- माह की शुरूआत आपकी अनुकूल रहेगी। यह समय आपके लिये लाभदायक है, आय प्राप्त होगी। घर और व्यवसाय में आप संतुलन बनाकर चलेंगे। विवाह संबंधित बातें आगे बढ़ने के लिये समय उचित है।

07 से 13 फरवरी तक- इस सप्ताह आपके आध्यात्म जीवन में रूचि बढ़ेगी। कम इच्छायें रखने से मन प्रसन्न रहेगा। इच्छित फल प्राप्त होगा। सहकर्मी आपका सहयोग करेंगे। कार्यो में बाधा आयेगी, अपने बुद्धि चातुर्य को इस्तेमाल कर आप विजय प्राप्त करेंगे। माता-पिता से मन-मुटाव हो सकता है।

14 से 20 फरवरी तक- इस सप्ताह का समय आपके प्रतिकूल है। धन-हानि का योग बन सकता है, सावधान रहें। मनचाहा कार्य समय पर नहीं होने से परेशान रहेंगे। इस समय आने वाला धन बीच में फंस सकता है। परिवार के सदस्यों के बीच वाद-विवाद होगा। घर में अशांतिपूर्ण वातावरण रहेगा। आप पूर्वजन्म कृत पाप शमन फेत्कारिणी दीक्षा प्राप्त करें। जिससे प्रतिकूल परिस्थितियों का निवारण होगा।

दीक्षा न्यौ. ₹ 1800

21 से 28 फरवरी तक- इस सप्ताह शुरू किया हुआ कार्य को जल्द ही पूर्ण करेंगे। पति-पत्नी के बीच प्रेम बढ़ेगा। आप अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। कहीं से शुभ समाचार प्राप्त होगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। पूर्ण क्षमता के साथ कार्य कर उच्चाधिकारी को प्रसन्न करेंगे। पुराना फंसा हुआ धन प्राप्त हो सकता है। परिवार के सदस्यों की जरूरतें को पूर्ण करेंगे। बच्चों के साथ समय बीतने से आप संतुष्ट महसूस करेंगे।

शुभ तिथियां 13, 18, 20, 23

## धनु



ये, यो, भा, भी, धा,
फा, ढा, भे

01 से 06 फरवरी तक- माह का आरंभ सम्मानपूर्ण रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आप काम-काज में काफी व्यस्त रहेंगे। आप धर्म कार्य, गुरू सेवा आदि कार्यो में अधिक समय व्यतीत करेंगे।

07 से 13 फरवरी तक-आप इस सप्ताह लोगों को निस्वार्थ भाव से मदद करेंगे, मगर लोग आपका फायदा उठायेंगे। कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपकी भावना प्रबल रहेगी। भाई-बहनों के बीच मधुरता बढ़ेगी। सम्पर्क का दायरा बढ़ाने से आपको अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है। मित्रों के साथ कही घूमने जा सकते है।

14 से 20 फरवरी तक- इस सप्ताह अनावश्यक खर्चे बढ़ेंगे जिससे धन व्यय होगा। जीवन को आकार देने में आप विशेष महत्त्व देंगे। इस समय आप विशेषकर सचेत रहे। आपको विवाह या व्यापार संबंधी मामलों में परेशानियां आ सकती है। बेरोजगार और विद्यार्थी वर्ग को और अधिक परिश्रम कर अपने आप को श्रेष्ठ बनाना चाहिये। आप अपने जीवन में आ रही प्रतिकूल परिस्थितियों के निवारण के लिये भैरूण्डा महाविद्येश्वरी तंत्र दीक्षा ग्रहण करें। दीक्षा न्यौ. ₹ 2600/-

21 से 28 फरवरी तक- इस सप्ताह आप जीवनसाथी की इच्छाओं को पूर्ण करेंगे। आप सारी बाधाओं को दूर करने में सफल होंगे। आपका सम्पर्क दायरा बढ़ेगा। मेहमान का आगमन हो सकता है। हंसी-खुशी और मनोरंजन से समय परिपूर्ण रहेगा। जीवन की सार्थकता जैसे मुद्दे आप पर हावी हो सकते हैं। आपकी मनः स्थिति मिश्रित रहेगी। आप अपना लक्ष्य निश्चय कर हासिल करने में प्रयासरत रहेंगे।

शुभ तिथियां 15,21,25,26

## मकर



भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, ग, गी

**01 से 06 फरवरी तक**-माह की शुरूआत आपके लिये भाग्यवर्धक है। इस समय आर्थिक सबलता प्राप्त होगी। विद्यार्थी वर्ग को अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है। पति-पत्नी में आपसी सामंजस्य बनेगा। आपके काम प्रदर्शन को देख कर उच्चाधिकारी आपका सहयोग करेंगे।

**07 से 13 फरवरी तक**- इस सप्ताह किसी अप्रिय घटना होने का योग बना हुआ है, सावधान रहे। स्वास्थ्य इस समय कमजोर रह सकता हैं। राजकीय कार्यो व व्यवसाय में सफलता अर्जित करेंगे। नयें लोगों से परिचित होने से मन प्रफुल्लतापूर्ण रहेगा। आर्थिक पक्ष में धीरे-धीरे सुधार होगा। व्यापार में नवीनता लाने में समर्थ होंगे।

**14 से 20 फरवरी तक**- यह सप्ताह मिश्रित फल देने वाला रहेगा। कहीं से रूका हुआ धन प्राप्त होगा। आत्मविश्वास, आकर्षण और इष्ट बल में वृद्धि होगी। आपकी आलोचना या निंदा हो सकती है। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। समाज सेवा या गुरू सेवा में भाग लेंगे।

**21 से 28 फरवरी तक**- इस सप्ताह अपने कमियों को पता कर सुधरने की कोशिश करेंगे। परिवार में प्रेममय वातावरण रहेगा। किसी मित्र से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। किसी बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं। बिना पढ़े किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं करें, संकट में फंस सकते है। आकस्मिक धन हानि का योग बना हुआ है। आप पूर्वजन्म कृत पाप शमन फेत्कारिणी दीक्षा प्राप्त करें।

दीक्षा न्यौछावर ₹1800/-

**शुभ तिथियां 01,18,23,27**

## कुंभ



गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द

**01 से 06 फरवरी तक**- माह का आरंभ आपके लिये अनुकूल है। आप साहित्यिक व रचनात्मक कार्यो में आप संलग्न रहेंगे। विद्यार्थियों का समय लाभदायक है। आप विशेष व्यक्तियों से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखें।

**07 से 13 फरवरी तक**- इस सप्ताह समय शुभदायक है। घर परिवार के सदस्यों के बीच मधुरता बढ़ेगी। आप पर कोई झूठा आरोप या कलंक लग सकता है। मन तनावपूर्ण रहेगा। अध्यात्म दर्शन आदि में रूचि होगी। राजकीय लाभ प्राप्त हो सकेगा। आधे-अधूरे कार्य को पूर्ण करेंगे।

**14 से 20 फरवरी तक**- इस सप्ताह को सामाजिक कार्यो में आपकी रूचि बढ़ेगी। धार्मिक उत्सव, विवाह समारोह आदि में जा सकते है। जीवन साथी से ताल-मेल बिठायेंगे। सहयोगी आपके विश्वासघाती हो सकते है सतर्क रहें। इस समय कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। परिवार के सदस्यों पर क्रोधित होंगे। आप सर्वसुख उन्नतिप्रदायक मयूरेश दीक्षा प्राप्त कर इस विकट परिस्थितियों पर विजय प्राप्त कर सकते है।

दीक्षा न्यौछावर ₹2100/-

**21 से 28 फरवरी तक**-इस सप्ताह स्वास्थ्य परीक्षण के लिये चिकित्सक के पास जायेंगे। आत्मीय लोगों से अनबन हो सकती है, यथा संभव मौन रहें। नया वाहन खरीद सकते है। शत्रु परास्त होंगे। कठिन परिश्रम कर सफलता प्राप्त करेंगे। विभिन्न आर्थिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। समय आपके पक्ष में आ सकता है। आय के नये-नये स्त्रोतों का प्रादुर्भाव होगा।

**शुभ तिथियां 03,07,25,27**

## मीन



दी, दू, दे, दो, चा, ची, झ, त्र

**01 से 06 फरवरी तक**- माह का प्रारम्भ अशांतिपूर्ण है। परिवार के सदस्यों से दुःख प्राप्त होगा। पेट संबंधित विकार उत्पन्न हो सकता है सावधान रहें। विद्यार्थी वर्ग को अपने पढ़ाई पर और अधिक ध्यान देना पड़ेगा। युवा वर्ग को आलस्य का त्याग कर भविष्य के निर्माण के लिये आगे बढ़ना है।

**07 से 13 फरवरी तक**- परिश्रम के अनुसार फल प्राप्त होगा। पुराना फंसा हुआ धन मिल सकता है। आपको हर कार्य में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। काम में लापरवाही न करें, नुकसान होगा। शत्रु आप पर हावी हो सकते है। व्यापार में धन हानि होने का प्रबल योग है। मन उदास रहेगा। इस समय आप भैरूण्डा महाविद्येश्वरी तंत्र दीक्षा प्राप्त करे, परेशानियां दूर होगी।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 2600/-

**14 से 20 फरवरी तक**-इस सप्ताह कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तेदार से कुछ शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। पति-पत्नी के बीच मधुरता बढ़ेगी। राजकीय व कानूनी मामलों में सफलता प्राप्त होगी। बुजुर्ग लोगों की मदद करेंगे। मित्रों के साथ कहीं बाहर जा सकते है।

**21 से 28 फरवरी तक**-लेन-देन व सौदेबाजी हेतु समय उत्तम है। जमीन-जायदाद सम्बन्धित कार्यो में व्यस्त रहेंगे। किसी से वाद विवाद हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। नये लोगों से परिचित होने पर मन प्रसन्न रहेगा। आपको नया साथी भी मिल सकता है। समय आपके पक्ष में है। जीवन में रस, आनन्द व प्रसन्नता की स्थिति रहेगी। आप कलात्मक व रचनात्मक क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त कर पायेंगे।

**शुभ तिथियां 01,05,23,28**